कन्हैया किसको कहेगा तू मैया

कन्हैया किसको कहेगा तू मैया ।
एक ने तुझको जनम दिया रे एक ने तुझको पाला ॥

मरने के डर से भेज दिया घर से देवकी ने गोकुल में,
बिना दिए जन्म यशोदा बनी माता तुझ को छिपाया आंचल में ।
एक ने तुझको जीवन दिया रे एक न जीवन संवारा...कन्हैया ॥

मानी मनताएँ और देवी देव पूजे पीर सही देवकी ने,
गोद मे खिलाने का दूध मे नहलाने का सुख पाया यशोदा जी ने ।
एक ने तुझको दी है रे आँखें,एक ने दिया उजाला... कन्हैया ।।

जनम दिया हो चाहे पाला हो किसी ने भेद ये ममता न जाने,
कोई भी हो जिसने दिया हो प्यार माँ का मन तो माँ उसी को माने ।
एक ने तुझको जीवन दिया रे एक न जीवन संवारा...कन्हैया ॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5890/title/kanhiya-kisko-kahega-tu-maiya-ek-ne-tujhko-janam-diyan-re-ek-ne-tujhko-paala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |